सुशासन तिहार बन रही है जीवन की धूरी... पृष्ठ 2 | सुशासन तिहार अंतर्गत समस्याओं... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 06 मई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 196, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## सीएम अचानक उतरे गांवों में : बिना ताम-झाम के जनता से सीधा संवाद

### आम जनता की समस्याओं के निराकरण : जमीनी स्तर पर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की हकीकत जानने का माध्यम है सुशासन तिहार : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत कोरबा जिले के पाली विकासखण्ड के ग्राम मदनपुर में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया और प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि सुशासन तिहार आमजन से सीधे संवाद और योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में हम प्रदेश के किसी भी कोने में बिना पूर्व सूचना के जाएंगे, वस्तुस्थिति जानेंगे और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के हर वादे को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए। किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य निर्धारित करते हुए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई। महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में राशि पहुंचाकर उन्हें आर्थिक संबल दिया गया। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए पारिश्रमिक राशि 4 हजार से बढ़ाकर 5500 रुपये कर दी गई है। मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को पुन: प्रारंभ कर बुजुर्गों की आस्था को सम्मान देने की दिशा में कदम उठाया गया है।



**गांव में ही मिलेंगी बैंक जैसी सुविधाएं**

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि 24 अप्रैल से प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। अब ग्रामीणों को बैंक तक दौड़ने की जरूरत नहीं होगी। इन सेवा केंद्रों में राशि आहरण, जाति, निवास जैसे दस्तावेजों की सुविधा भी उपलब्ध होगी।
मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाते हुए नामांतरण प्रक्रिया को सरल बनाया है। अब भूमि की रजिस्ट्री के साथ-साथ नामांतरण भी एक घंटे से कम समय में संपन्न हो जाएगा, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक दौड़धूप से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब पीएम आवास योजना के अंतर्गत पात्रता की शर्तों को शिथिल किया गया है। अब 5 एकड़ असिंचित या 2.5 एकड़ सिंचित भूमि वाले, दोपहिया वाहन रखने वाले और 15 हजार रुपये मासिक आय वाले हितग्राही भी योजना में पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि देश का हर गरीब परिवार पक्के मकान में रहे।

**छत्तीसगढ़ के विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं**

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ को भरपूर संसाधन मिल रहे हैं। डबल इंजन की सरकार होने के कारण कोरबा से पेंड्रा और धरमजयगढ़ तक नई रेललाइन सहित अनेक परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जो क्षेत्र के विकास को नई गति देंगी।
समाधान शिविर में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का कोरबा आगमन पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेश भर में शिविर लगाकर नागरिकों से सीधे संवाद और समस्या-समाधान का यह अभिनव प्रयास शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में यह सरकार धरातल से जुड़ी है और बिना किसी पूर्व सूचना के दौरा कर आमजन की स्थिति स्वयं देख रही है।



**योजनाओं से बदल रही है ग्रामीणों की ज़िंदगी**

समाधान शिविर में उपस्थित हितग्राहियों ने बताया कि शासन की योजनाओं ने उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। पीएम आवास की लाभार्थी श्रीमती राजनंदिनी डोंगरे ने बताया कि अब उनका परिवार पक्के मकान में सुरक्षित है। महतारी वंदन योजना की लाभार्थी श्रीमती रमाबाई पैकरा ने बताया कि उन्हें 15 किश्तें प्राप्त हुई हैं, जिन्हें उन्होंने अपनी बेटियों के भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश किया है। किसान श्री कन्हैया लाल ने बताया कि सुशासन तिहार में दिए गए आवेदन से उनकी जमीन का रिकॉर्ड ऑनलाइन हो गया है और प्रमाणपत्र भी प्राप्त हो गया है। उन्होंने इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ने किया विश्व विजेता सितलेश पटेल का सम्मान



**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत च्संवाद से समाधानज् की भावना के साथ आकस्मिक दौरे पर जांजगीर पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिलेवासियों को 142 वर्षों बाद एक ऐतिहासिक सौगात दी। उन्होंने नव-निर्मित तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। अंग्रेजी शासन काल में वर्ष 1883 में बना पुराना तहसील भवन अब इतिहास बन गया है, और उसकी जगह 4 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन जनता को समर्पित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन तक सेवाओं की सरल, सहज और सुगम पहुँच सुनिश्चित हो, और यह नवीन तहसील कार्यालय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इस भवन से क्षेत्र के 54 गांवों और 24 पटवारी हल्कों के नागरिकों को राजस्व से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। नवीन तहसील भवन में प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के कुशल संचालन के लिए आवश्यक समस्त सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसमें लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी, वहीं आवक-जावक शाखा में दस्तावेजों का नियमानुसार प्रेषण और आवाज सुनिश्चित किया जाएगा। न्यायालयीन दस्तावेजों के संधारण के लिए नजीर शाखा, निर्वाचन से संबंधित कार्यों के लिए निर्वाचन शाखा, भूमि व राजस्व अभिलेखों के लिए कानूनगो शाखा तथा राजस्व वसूली और आर्थिक प्रबंधन के लिए मालजमादार कक्ष की स्थापना की गई है।

साथ ही, कार्यालय भवन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के लिए सर्वसुविधायुक्त कक्ष बनाए गए हैं। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष श्री नारायण चंदेल, विधायक श्री व्यास कश्यप, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष श्री सौरभ सिंह, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## समाधान शिविर ग्राम करमरी में नागरिकों की समस्याओं का पारदर्शितापूर्वक किया गया निराकरण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज जिले के छुरिया विकासखंड के ग्राम करमरी में समाधान शिविर आयोजन किया गया। ग्राम करमरी के क्लस्टर में ग्राम पंचायत अरजकुंड, गुंडरदेही, जोंधरा, कलडबरी, कांपा, करमरी, महरूम, मासुलकसा, रानामटिया और रतनभाट कुल 10 ग्राम पंचायत शामिल है। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्रथम चरण में प्राप्त विभिन्न विभागीय मांगों एवं शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व सहित अन्य विभागों को प्राप्त कुल 1 हजार 521 आवेदनों में 1 हजार 489 मांग और 32 शिकायतों से संबंधित आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण मौके पर किया गया। समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी तरह शिविर में हितग्राहियों



को जॉब कार्ड और मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी निराकरणों का वाचन कर पारदर्शिता के साथ ग्रामीणों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्री संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष श्री प्रशांत ठाकुर, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार छुरिया श्रीमती आकांक्षा साहू, सीईओ छुरिया श्री होरीलाल साहू सहित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले में समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं समाधान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1, 22, 23, 24 के लिए कृषि उपज मंडी डोंगरगढ़ में, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत मोहारा सिवनीकला, बिजनापुर, चैतुखपरी, मुढ़िया, सहसपुर, पुरैना, खुर्सीपार, सेम्हरा, बिल्हरी, खैरा, रूवातला के लिए ग्राम मोहारा में, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र सीताबर्डी वार्ड क्रमांक 2 में, नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14, 24, 25, 26, 27 के लिए स्टेट स्कूल में समाधान शिविर आयोजित किया गया।

### सुशासन तिहार में लापरवाही बरतने के कारण दो सचिव निलंबित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सुशासन तिहार के कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत बोईरडीह के सचिव श्री राधेलाल ठाकुर एवं ग्राम पंचायत लिटिया के सचिव श्री हुसेन चन्द्रवंशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सचिवों द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण में रूचि नहीं ली जा रही है। साथ ही उच्च कार्यालय द्वारा संबंधित सचिवों को कार्यायल में दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने पर किसी भी प्रकार का जवाब नहीं दिया जा रहा था। इसके साथ ही मुख्यालय में निवास नहीं करने तथा निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण सचिवों पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन शिविर टीओटी ट्रेनिंग कैंप में छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्ग निर्देशन तथा उड़ीसा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में महात्मा गांधी अकैडमी शतावर भुवनेश्वर उड़ीसा में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन टोट ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ तथा झारखंड के 39 बेस्ट आपदा मित्रों का चयन मास्टर ट्रेनर के रूप में ट्रेनिंग प्राप्त करने के लिए किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से रवि कुमार कोमरे, योगेश्वर कुमार सिन्हा, पुष्पेंद्र कुमार साहू, अनसुइया साहू, प्रीति टंडन, मंजू यादव, माहेश्वरी ढीमर, तीरथ यादव, चंद्रहास साहू, समीर वर्मा , द्वारका टंडन, छम्मन साहू, कालेश्वर कुमार, गुणवंत



नायक, रामधर बघेल,चंद्रभान जोशी, निलेश साहू, टोकन लाल राजवाड़े, सूर्यकांत जोशी ने मास्टर ट्रेनर के रूप में ट्रेनिंग प्राप्त किया। इस ट्रेनिंग में फायर सेफ्टी रेस्क्यू, वाटर रेस्क्यू, सीपीआर, सीबीआरएन, फिजिकल एसेसमेंट, , आईएफ्डी, पेशेंट मूविंग एंड लिफ्टिंग होरिजेंटल एंड वर्टिकल थ्री लूप , स्लाइडर रेस्क्यू, बाढ़ भूकंप ,सुनामी ,भूस्खलन से बचने तथा फर्स्ट स्टेट के रूप में सुरक्षा करने, लाइन सर्च हीलिंग सर्च, डिजास्टर प्रिपेरेडनेस इत्यादि ट्रेनिंग दिया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी इंस्ट्रक्टर आपदा मित्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

## पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष हुए पार्टी से निष्कासित, अनुशासन का डंडा

### जिला अध्यक्ष में आदेश जारी कर किया 6 साल के लिए निष्काशित, उपाध्यक्ष चुनाव में अनुशासनहीनता को देखते हुए यह आदेश जारी

### खुज्जी विधायक की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

अफशान खान

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद के खिलाफ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने पार्टी की अनुशासन हीनता को लेकर कांग्रेस पार्षद पर अनुशासन का डंडा चला । आखिरकार उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना पड़ा।

आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद भाई, जिला प्रभारी मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी आफ्ताब आलम, मोहला मानपुर विधायक इन्द्रशाह मंडावी, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू को प्रतिलिपि में रख कर पूर्व उपाध्यक्ष व पार्षद रितेश मेश्राम को 6 साल के लिए निष्कासन का आदेश जारी किया है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में संगठन के पदाधिकारियो को अनदेखी करते हुए अपनी मनमानी कर उपाध्यक्ष चुनाव में सूत्रों के मुताबिक विपक्ष का साथ देते हुए कांग्रेस पार्टी की रणनीति को तार तार करते हुए हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस पार्टी के जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों के नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में साहू धर्मशाला में मीटिंग कर रूप रेखा तैयार करने के लिए बैठक रखी गई थी, सूत्रों के मुताबिक बैठक में न ही पार्षद रितेश मेश्राम पहुंचे और न ही खुज्जी विधायक, जिसके



चलते पार्टी की अनुशासनहीनता के कारण बाहर का रास्ता दिखाना पड़ा।

**जिला अध्यक्ष के लेटरपेड में जारी हुआ आदेश**

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने 5 मई को आदेश जारी कर वर्तमान में हुए नगरीय निकाय चुनाव 2025 में अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत क्षेत्र में उपाध्यक्ष चुनाव में पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान पार्षद रितेश मेश्राम के द्वारा कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध एवं प्रभारी के आदेशों का दरकिनार करते हुए स्व निर्णय कार्य किया गया जिसके कारण अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत में कांग्रेस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। यह गतिविधि पार्टी की अनुशासनहीनता व पार्टी विरुद्ध है, पार्षद श्री मेश्राम को कांग्रेस पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासन का आदेश जारी किया है।

**खुज्जी विधायक के करीबी पर गिरी गाज**

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के करीबी कहे जाने वाले पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान पार्षद रितेश मेश्राम को आखिरकार पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना पड़ा, आदेश जारी होते ही पूरे नगर में खलबली मच गई और विधायक की कार्यशैली पर सवाल भी उठने लगे। उपाध्यक्ष चुनाव में मिली हार को लेकर यह निर्णय लिया गया।

कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि संगठन व पर्यवेक्षक के कहने पर मीटिंग में बुलाया गया था, लेकिन बैठक में उपस्थित न हो कर स्व निर्णय नामांकन भरने चले गए थे, प्रदेश संगठन के निर्देश पर पत्र जारी कर निष्कासन का आदेश जारी किया गया है।

**सुरजीत सिंह ठाकुर , कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री योगेश दत्त मिश्रा जी को बधाई देते हुए छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष श्री शरद तिवारी जी और सर्व ब्राह्मण समाज के जिला महासचिव विष्णु नंद चौबे।**

nandgaon times may-06-3.qxd 5/5/2025 11:59 PM Page 2



# सुशासन तिहार बन रही है जीवन की धूरी, हर किसी की आस हो रही है पूरी

## कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन और अगुवाई में हजारों ग्रामीणजन हुए लाभान्वित, शासन प्रशासन जनता के द्वार पहुंचकर सुशासन स्थापित कर रही है-जिला पंचायत की अध्यक्ष नम्रता सिंह






**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार जनता के लिए खुशहाली की दस्तक लेकर आया है। एक ही मंच पर हितग्राहियों की समस्याएं और मांगों की पूर्ति की जा रही है। नागरिकों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं और मांगों की पूर्ति करने का कार्य किया जा रहा है। सुशासन का सूर्योदय है कि जनता की समस्याओं का निदान होने से उनके चेहरे पर चमक देखने को मिल रहा है। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आज जनपद पंचायत मोहला के ग्राम पंचायत विजयपुर एवं जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत छ्छानपाहरी में समाधान शिविर शिविर का आयोजन किया गया। विजयपुर में आयोजित समाधान शिविर में सभी पात्र 1821 आवेदकों को लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार विकासखंड अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत छ्छानपाहरी में आयोजित समाधान शिविर में कुल प्राप्त 2048 आवेदन निराकृत करते हुए ग्रामीणजनों को लाभान्वित किया गया। मोहला के ग्राम पंचायत विजयपुर में आयोजित समाधान शिविर में 2 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान पूर्ण होने पर आवास की चाबी प्रदाय किया गया। 5 हितग्राहियों के लिए पेंशन स्वीकृत किया गया है। 6 हितग्राहियों को शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी गई है। 13 कृषकों को केसीसी लोन का चेक वितरित किया गया। 16 पशुपालकों को पशुशेड स्वीकृति दी गई है। 23 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 5 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, एक हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका एवं बैसाखी वितरित किया गया। 2 वरिष्ठ नागरिक को वय वंदन कार्ड, दो हितग्राहियों को मृत्यु प्रमाण पत्र, 2 हितग्राही को सुपोषण किट वितरित किया गया। 1 हितग्राही को मछली जल वितरित किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत छ्छानपाहरी में आयोजित समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 3 हितग्रहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित किया गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत 20 ग्रामीणों के लिए शौचालय स्वीकृति दिया गया है। मनरेगा अंतर्गत 7 हितग्राहियों को जॉब कार्ड वितरित किया गया। 10 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किया गया। सामाजिक सहायता योजना अंतर्गत 13 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति प्रदान किया गया। इसी प्रकार नगर पंचायत अं.चौकी में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित किया गया। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। समाधान शिविर में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सुशासन को और अधिक जनता के द्वारा ले जाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन जनता के बीच पहुंचकर उनकी अनेक समस्याओं और मांगों को सुनने के साथ ही निराकरण करने की दिशा में अभिनव पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश में चौहमुखी विकास हो रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत सभी वर्गों की समस्याओं का निदान किया जा रहा है। विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से ग्रामीणजनों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह पहला अवसर है जब आवेदन प्राप्त होने के तत्काल बाद त्वरित गति से निराकरण करने की दिशा में प्रशासन द्वारा कार्यवाही किया जा रहा है। उन्होंने सुशासन तिहार की प्रमुखता को रेखांकित करते हुए कहा कि पहले आमजनों को अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर अलग-अलग दफ्तरों का चक्कर लगाना पड़ता था। सुशासन तिहार जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संचालन होने से एक ही मंच पर अनेक प्रकार की समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर निदान कर जनता को राहत पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी विकास की गति पर निरंतर आगे बढ़ रही है। यहां सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करते हुए जनता के हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणजनों से अपील करते हुए कहा कि ग्रामीणजन अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन संबंधित विभाग के स्टॉल में जाकर आवेदन प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि जनता की कल्याण के लिए शासन द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जनता योजनाओं का लाभ लेकर अपना हितार्थ करें।

### विकास खंड अंबागढ़ चौकी के छ्छानपहारी कलस्टर में 2048 आवेदनों हुआ समाधान, मोहला के विजयपुर में सभी पात्र 1821 आवेदन निराकृत हुए

**कलेक्टर की मौजूदगी में समस्याओं का हुआ निदान, विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभान्वित**

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने अपनी गंभीरता का परिचय देते हुए विजयपुर, छ्छानपहारी एवं अंबागढ़ चौकी के टाउन हॉल में आयोजित समाधान शिविर में शिरकत की। कलेक्टर ने यहां पहुंच कर संबंधित विभाग के अधिकारियों से उनके यहां आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान आज आयोजित शिविर विभिन्न योजनाओं के तहत अनेक हितग्राहियों को सामग्री व चेक वितरित कर लाभान्वित किया गया।

साथ ही विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला समूह को सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजनों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए निराकृत करना और विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों से लाभान्वित किया जाना आधिकारियों की महती जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने कहा कि आमजनों से प्राप्त सभी आवेदन महत्वपूर्ण है। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री की मंशानुसार सुशासन तिहार और समाधान शिविर को सफल बनाने अधिकारियों को निर्देशित की। इस दौरान जनपद अध्यक्ष मोहला श्रीमती गैंदकुवर ठाकुर, जनपद पंचायत अं.चौकी अध्यक्ष श्री पुनऊ राम फुलकावरे, उपअध्यक्ष श्री शंकर प्रसाद तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्री लखन कलामें, श्री नेहरू राम रजक जनपद सदस्य श्री कनक नागवंशी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री भारती चन्द्राकर, एसडीएम मोहला श्री हेमेन्द्र भुआर्य, जनपद पंचायत मोहला सीईओ श्रीमती केशवरी देवांगन, जनपद पंचायत अं.चौकी सीईओ श्रीमती प्रियंवदा रामटेके सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बुढ़ापे में बीमारी के उपचार की चिंता अब नहीं सताएगा - श्यामलाल मंडावी

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** श्याम लाल मंडावी ग्राम विजयपुर के 82 वर्षीय वृद्ध ने कहा कि उन्हें अब अपने बुढ़ापे में अपनी बीमारी के उपचार की चिंता नहीं सताएगा। उन्होंने कहा कि उनके वारिसों पर बोझ भी नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री वय वंदन योजना अंतर्गत स्वीकृति मिलने पर उन्हें अपनी बीमारी के उपचार की चिंता कोसों दूर हो गया है। वृद्ध ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए वृद्धों के उपचार की नई व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्रवण कुमार बेटा बनकर वृद्धों की चिंता कर उनके लिए उपचार की व्यवस्था की है। इससे अनेक बुजुर्गों को अपने अंतिम समय में उपचार के लिए जूझना नहीं पड़ेगा। साथ ही परिवार के लिए बोझ भी नहीं बनना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री वय वंदन योजना अंतर्गत स्वीकृति मिलने पर शासन के प्रति आभार प्रदर्शित किया है।



## तेंदूपत्ता तोड़कर आ रही महिलाओं से की मुलाक़ात

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के हरा सोना तेंदूपत्ता संग्राहकों के चेहरों पर खुशियां छाई है।आज खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के वानांचल गांव घोटिया में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान तेंदुपत्ता तोड़कर आ रही महिला से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी ने मुलाकात की। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय सरकार आदिवासी अस्मिता का सम्मान कर छत्तीसगढ़ तेंदूपत्ता संग्राहकों के आय में वृद्धि हुई है।छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में अब 5500/- रुपये प्रति मानक बोरा की दर से हो रहा भुगतान, जिससे संग्राहकों को पहले से 1500 रुपये अधिक मिल रहे हैं।जिससे तेन्दूपत्ता संग्रहण दर बढ़ने से संग्राहकों में ?18.73 करोड़ का अधिक मुनाफा वितरित हुआ।



## दिव्यांग ज्योति को मिला निशक्तजन पेंशन का सहारा, स्वीकृति मिलने पर मां के आंखों में भर आई खुशियों की आंसू

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** एक निशक्तजन की पीड़ा भला मां से ज्यादा कौन समझ सकता है। बेसहारा और गरीब के लिए दिव्यांग होना एक अभिशाप से कम नही है। जहां एक ओर शारीरिक लाचारी से जीवन की कसौटी को चलाना मुमकिन नहीं होता, वही गरीबी में यह हताशा और अधिक विकराल रूप धारण कर लेता है। एक जवान दिव्यांग बेटी के लिए मां की पीड़ा और अधिक बढ़ जाता है, जब वह अपनी बेटी की उचित देखभाल व परवरिश करने में असमर्थ होतो ऐसे में किसी प्रकार की सहायता मिलना मां के लिए एक अत्यंत हर्ष देने वाला पल होता है। जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत छ्छानपहरी में आयोजित समाधान शिविर में आज दिव्यांग ज्योति कोरेटी के लिए अपार खुशियां देने वाला पल साबित हुआ है। सुशासन तिहार के अंतर्गत उनकी मां श्रीमती सांगली निवासी जानकी बाई कोरेटी ने एक पैर से दिव्यांग अपनी बेटी के लिए दिव्यांग पेंशन राशि स्वीकृत करने संबंधी आवेदन दिया था। आवेदन का परीक्षण कर उनकी बेटी ज्योति के लिए दिव्यांग पेंशन राशि स्वीकृत किया गया है। यहां आयोजित समाधान शिविर में उन्हें दिव्यांग पेंशन स्वीकृति का प्रमाण पत्र प्रदाय करने पर उनकी मां के आंखों से खुशियों की बयान देखने को मिला। उनकी मां ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए कहा कि वह गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है, और खेती मजदूरी कर अपने जीवन यापन करती है। उन्होंने बताया कि वह गरीबों के चलते अपनी बेटी की अच्छे से देखरेख नहीं कर पा रही हैं। दिव्यांग पेंशन राशि मिलने से अब वह अपनी जरूरत के चीजों की पूर्ति कर सकेगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग पेंशन राशि स्वीकृति मिलने पर उनकी मां का बोझ कम हुआ है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने दिव्यांग मां की पीड़ा को समझ कर दिव्यांग पेंशन राशि की स्वीकृति दी है। इसके लिए उन्होंने शासन के प्रति आभार प्रकट किया है।



## जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम मोहारा में समाधान शिविर का हुआ आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत आज जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम मोहारा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 12 ग्राम पंचायत मोहारा, सिवनीकला, बिजनापुर, चैतुखपरी, मुढिया, सहसपुर, पुरैना, खुर्सीपार, सेम्हरा, बिल्हरी, खैरा, रूवातला से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, जिला सहकारी, वन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा शत-प्रतिशत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने निराकरणों का वाचन किया।

शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ ने वाचन किया। उन्होंने बताया कि 12 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से संबंधित 488, शौचालय निर्माण से संबंधित 265, राशन कार्ड से संबंधित 109, निर्माण कार्य से संबंधित 96, समाज कल्याण विभाग से संबंधित 177, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 3 एवं रोजगार गारंटी योजना संबंधित 132 आवेदनों का निराकरण किया गया है। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्राप्त 12 शिकायतों का निराकरण कर वाचन किया गया। शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता अजय सिन्हा, उपाध्यक्ष श्री हीराराम वर्मा सहित सम्मिलित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंच, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, नायब तहसीलदार श्री सतपाल यादव, श्रीमती प्राची लांगे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## छंद के छ के स्थापना दिवस समारोह में जिले के साहित्यकार शामिल हुए



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वृंदावन हॉल रायपुर में 4 मई को छंदविद् अरूण कुमार निगम द्वारा स्थापित छंद के छ परिवार छत्तीसगढ़ द्वारा 9 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुस्तक विमोचन, सम्मान समारोह के साथ ही राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 16 जिले के 90 से अधिक छंदकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अभिलाषा बेहार सचिव ,छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रायपुर थी एवं अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर शर्मा ने किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सुधीर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यकांत गुप्ता ,वरिष्ठ छंदकार,चेतन भारती वरिष्ठ साहित्यकार ,आशा देशमुख वरिष्ठ छंदकार , राजेश चौहान वरिष्ठ गीतकार , नरेंद्र वर्मा वरिष्ठ साहित्यकार,चोवा राम वर्मा बादल वरिष्ठ साहित्यकार उपस्थित थे। कार्यक्रम में 10 छंदकारों की किताब का विमोचन किया गया। वरिष्ठ छंदकारों को छत्तीसगढ़ी छंद रतन सम्मान से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने छंदगुरू अरूण कुमार निगम की छत्तीसगढ़ी गजल संग्रह अउ मार्गदर्शिका गजल के ग, खैरागढ़ की कवयित्री डा. पदमा साहू पर्वणी की छत्तीसगढ़ी बाल कविता संग्रह ममा गांव जाबो सहित अन्य छंदकारों की पुस्तक का विमोचन किया। इस गरिमामय कार्यक्रम में राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के साहित्यकार भी सम्मिलित हुए। काव्य पाठ के बाद प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में शामिल साहित्यकारों में जितेन्द्र कुमार वर्मा खैरझिटिया,महेंद्र कुमार बघेल मधु ,रामकुमार चंद्रवंशी ,ओमप्रकाश साहू अंकुर ,राजकुमार चौधरी रौना,डॉक्टर पदमा साहू पर्वणी, नंदकिशोर साव नीरव ,नंदकुमार साहू नादान, दूज राम साहू अनन्य, कमलेश शर्मा, गायत्री श्रीवास सहित अन्य छंदकार शामिल हुए। वीदित हो कि छंद के छ परिवार छत्तीसगढ़ की स्थापना वर्ष 2016 में अक्ती के दिन किया गया था। इसके संस्थापक अरूण कुमार निगम ने आनलाइन कक्षा के माध्यम से मात्रा गिनती के बारीकी पक्ष,विभिन्न छंदों के नियमों की जानकारी देकर छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों को 50 से अधिक भारतीय छंदों को सीखने हेतु प्रेरित किया। कोरोना काल में इस आनलाइन क्लास की उपयोगिता और बढ़ गई। राजनांदगांव जिले से भी 12 साहित्यकार जुड़े । इस आनलाइन क्लास में छत्तीसगढ़ के 16 जिले से अब तक 250 से अधिक छत्तीसगढ़ी साहित्यकार जुड़े ।इसे छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकारो और समीक्षकों ने एक साहित्यिक आंदोलन की संज्ञा दी। इसका प्रतिसाद भी देखने को मिला। आज कई छंदकार अपनी छंदबद्ध रचनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ी साहित्य को समृद्ध कर रहे हैं। इन 9 वर्ष में लगभग दर्जन भर से अधिक छंदकारों की लगभग 50 छंदबद्ध किताब प्रकाशित हुए और साहित्य जगत में प्रशंसित हुए।

### शुभांक

1-5-6

135-9 116-8

### भाग्यांक

360-9 236-1

## घर-घर पहुंचकर बनाया जा रहा श्रम कार्ड, आवेदकों को मिली राहत

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासनकारी नेतृत्व में पूरे प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार ने जनसेवा को नई गति और दिशा दी है। इस तिहार के पहले चरण में जिला कबीरधाम में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए विभागीय टीमें घर-घर जाकर श्रमिकों से संपर्क कर रही हैं और उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही हैं।

श्रम विभाग द्वारा सुशासन तिहार के तहत प्राप्त श्रम कार्ड बनाने से संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इन आवेदनों के तहत विभागीय अधिकारी आवेदकों के घर तक पहुंचकर उनके श्रम कार्ड बनाने की प्रक्रिया को सुनिश्चित कर रहे हैं। जिला श्रम अधिकारी श्री देवांगन ने बताया कि ग्राम अमरपुर एवं ग्राम विचारपुर (विकासखंड सहसपुर लोहारा) के निवासियों ने श्रम कार्ड बनाने की मांग की थी।

## गुमशुदा

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।**



श्रीमती हिरमत साहू, 56 वर्ष निवासी अछोली विकास खंड डोंगर गढ़ जिला राजनांदगांव 30 अप्रैल शाम 5 :30 निकलकर मुरमुंदा रोकी, 1 मई को धौराभाठआ के लिए निकली है लेकिन अभी तक घर नहीं पहुंची है जिस किसी को भी इनके बारे में जानकारी प्राप्त हो उक्त नंबर 8103427013 पर संपर्क करें।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202504091100046**

विषयः-ब-121. मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2024-2025

आसरा प.ह.न. 00015 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -हेमतला भारती,

अनावेदक पक्षकार -छ0 ग0 शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हेमतला भारती पति अमित कुमार जाति सतनामी निवासी ग्राम आसरा पटवारी हल्का नं0 15 तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पति अमित कुमार की मृत्यु दिनांक 07/02/2024 को ग्राम आसरा में होने के कारण अपने पति अमित कुमार की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र. अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, चालान क्रमांक 66110325001243, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 13.05.2025 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से दिनांक 18/04/2025 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
डोंगरगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव 2 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202504095500010**

विषयः-ब-121. मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2024-2025

दरी प.ह.न. 00026 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- जयप्रकाश रामटेके,

अनावेदक पक्षकार - छ0 ग0 शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयप्रकाश रामटेके स्व0 प्रेमलाल निवासी ग्राम छुरिया तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव ?द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर जैनी बाई पति गोविन्द की मृत्यु दिनांक 24/03/1990 को ग्राम दरी तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव में होने के कारण जैनीबाई पति गोविन्द की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, चालान क्रमांक 66230425000784 के साथ आवेदन प्रस्तुत किया है

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 09.05.2025 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया। आवेदक को सूचनार्थ उक्त ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कारकर ईश्तहार की प्रति प्रस्तुत करे।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/04/2025 को जारी किया जाता है ।

सील

नायब तहसीलदार
डोंगरगांव

## ज्ञान मंथन

*1) बेतवा नदी का प्राचीन नाम क्या था?*
*2) किस देश ने अंतरिक्ष में कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है?*
*3) स्वतन्त्रता आंदोलन में निवाड़ी जिले की थौना-लुहारी गोलीकाण्ड की घटना कब घटित हुई थी?*
*4) 42वें संवैधानिक संशोधान अधिनियम (1976) द्वारा संशोधित किया गया है, जिसमें कौन-सा शब्द जोड़ा गया है?*
*5) शाजी एन. करूण का हाल ही में निधन हो गया। वह किससे संबंधित थे?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) वेत्रवती (2) चीन (3) 1939 (4) समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता (5) फिल्म निर्देशक और छायाकार

# सुशासन तिहार अंतर्गत समस्याओं के समाधान की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत : जिले के प्रभारी सचिव अविनाश चम्पावत

## जिले के प्रभारी सचिव अविनाश चम्पावत ने सुशासन तिहार 2025 के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के प्रभारी सचिव एवं सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास विभाग, आयुक्त भू-अभिलेख श्री अविनाश चम्पावत ने आज सुशासन तिहार 2025 के संबंध में कलेक्टारेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री वायपी सिंह उपस्थित रहे। जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चम्पावत ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत सभी अधिकारियों से अपेक्षा है कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य के हित में अच्छा कार्य करें। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में लोककल्याण के लिए शासन द्वारा कार्य किए जा रहे हैं और उनमें समय के साथ-साथ परिवर्तन आए हैं। जनसामान्य की आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं के अनुरूप समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में लगाए जाने वाले शिविर में जनसामान्य को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड के तहत क्लेम के संबंध में जानकारी ली और उन्होंने कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक लाभ जनसामान्य को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत अच्छा कार्य करें। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में फसल चक्र परिवर्तन, लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देने, सोयाबीन, मक्का, सरसों जैसे फसल के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों का आधार कार्ड से ई-केवाईसी होना आवश्यक है, ताकि शासन की योजनाओं का सतत लाभ मिलता रहे। उन्होंने सिकल सेल, ई-डिस्ट्रिक, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, सड़क निर्माण, जनौषधि केन्द्र, मौसमी बीमारी, पेंशन के प्रकरण, आश्रम-छात्रावास की स्थिति, स्कूलों व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में गहन समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में कुल 1 लाख 27 हजार 659 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग के संबंधित 1 लाख 24 हजार 202 एवं शिकायत से संबंधित 3 हजार 357 है। इसमें कुल 84 हजार 129 आवेदनों का निराकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मांगे प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा पेंशन से संबंधित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत ऐसे हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया है, जिन्हें लक्ष्य मिलने के बाद पात्रता के अनुसार योजना का लाभ दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य को लाभान्वित करने के साथ ही शासन से नीतिगत मार्गदर्शन लिए जा रहे हैं। उन्होंने जिले के राजस्व प्रकरणों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्वामित्व योजना अंतर्गत 739 अधिकार अभिलेख वितरित किए गए हैं। कलेक्टर ने नक्शा, बटांकन का कार्य एवं राजस्व प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जिले के प्रमुख कार्य अंतर्गत नालंदा परिषद, अटल परिषद निर्माण, अमृत मिशन, परिक्रमा पथ के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले की विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप सभी अधिकारियों को कार्य करने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं से जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिन आवेदकों ने आवासों की मांग की है, उन्हें सर्वे में लिया गया है तथा परीक्षण उपरांत आगामी लक्ष्य के अनुरूप आवास आबंटित किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदी, बैंक लिंकेज के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पिनेस प्रोग्राम 13 मई से पुष्पांजलि मे



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पूज्य श्री श्री रविशंकर जी द्वारा स्थापित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की राजनंदगांव शाखा द्वारा आगामी 13 मई से 18 मई तक हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। यह शिविर सुबह 6से 9 एवम् शाम 4 से 7बजे तक पुष्पांजलि पैलेस रॉयल किड्स स्कूल के पास लालबाग राजनंदगांव मे रख गया है। शिविर मे मुख्य रूप से योग ध्यान प्राणायाम के साथ सारी दुनिया मे करोडो लोगों को तनाव मुक्त करने वाली विश्वप्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया सिखाई जाय्येगी। सुदर्शन किया श्वासों की एक अद्भुत किया है जो शरीर श्वास और मन मे तदात्मय स्थापित करती है। शिविर मे प्रमुख प्रशिक्षक के रूप मे रायपुर से आर्ट ऑफ लिविंग की अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षिका श्रीमती डॉ सरिता वाजपेयी जी अपनी सेवाएं देंगी। डॉ सरिता वाजपेयी जी विगत बीस वर्षों से आर्ट ऑफलिविंग के कोर्स ले रही है। वे भारत के विभिन्न शहरों के अलावा अमेरिका और कनाडा मे भी शिविर ले चुकी है। आप आर्ट ऑफलिविंग की छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख भी रह चुकी है। इस शिविर मे जाति धर्म का कोई बंधन नही है। 18वर्ष से ऊपर की भी महिला पुरुष शिविर मे भाग ले सकते है। शिविर मे पंजियन हेतु प्रभा ठाकुर 7000328672 और अंब्रिक मोटलानी 8770265454से संपर्क कर सकते है। युक्त जानकारी अंब्रिक मोटलानी ने एक प्रेस विज्ञप्ति मे दी।

## मानपुर के भर्रीटोला में समाधान शिविर आज

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज 6 मई को मानपुर के ग्राम पंचायत भर्रीटोला में समाधान शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणजनों को शिविर में उपस्थित होने अपील की है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही बरतने पर हुई कार्यवाही

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत जक्के में ग्राम पंचायत सचिव सेवंत कोमरे द्वारा रोजगार सहायक के ऊपर दबाव बनाकर अधूरे आवास को पूर्ण बताकर फर्जी जिओ टैग कर हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरण कर गबन की शिकायत प्राप्त हुई थी। उपरोक्त शिकायत पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री भारती चंद्राकर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए जांच उपरांत अनुशासनात्मक कार्यवाही कर सचिव को तत्काल ग्राम पंचायत जक्के से हटाकर अन्य पंचायत मे पदस्थ कर वेतन वृद्धि रोका एवं वसूली के निर्देश जारी किये

## 5 वी 8 वी बोर्ड परीक्षा मे राईट गुरुकुल का परिणाम रहा शत् प्रतिशत गुरुअंस रावटे 97.50 प्रतिशत आभा देवागन 95.67त्न ने मारी बाजी



**डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** अंचल के राईट गुरुकुल हिंदी और अंग्रेजी माध्यम स्कूल डोंगरगाँव मे इस वर्ष शासन द्वारा आयोजित 5 वी 8 वी बोर्ड वार्षिक परीक्षा मे राईट गुरुकुल का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा इसका परिणाम सोमवार को संस्था के द्वारा जारी किया गया जिसमे सर्वप्रथम माँ शारदा के छाया चित्र मे दीप प्रज्ज्वलित किया गया तत्पश्चात अतिथि का स्वागत सत्कार किया गया जिसमे विशेष अतिथि ठाकुर राम सिन्हा , पन्नालाल ढिमर, डाकेश्वर साहू, के साथ संस्था के प्राचार्य लोकेश्वर साहू, शिक्षक दीपक अत्री, अमित नांदेश्वर, मनमोहन साहू, तुलेश्वर साहू, धरम पटेल, भुवनेश्वरी अत्री, माधवी, प्रीति, हेमप्रभा साहू की उपस्तिथि मे जारी किया गया जिसमे कक्षा 5 वी अंग्रेजी माध्यम से 94.50 त्न के साथ दीपान्शु रावटे प्रथम, द्वितीय 94त्न के साथ निखिता साहू तृतीय चेष्टा साहू 93.50त्न रहा इसी प्रकार कक्षा 5 वी हिंदी माध्यम मे 97.50त्न के साथ गुरुअंश कुमार रावटे प्रथम, 95त्न के साथ केजल साहू द्वितीय, रहा कक्षा 8 वी अंग्रेजी माध्यम मे 95.67त्न के साथ आभा देवांगन प्रथम, खुशी नायक 94.83त्न द्वितीय, 91.67त्न के साथ सूर्य प्रकाश निषाद तृतीय रहा, कक्षा 8 वी हिंदी माध्यम मे निधि ढीमर 89.33त्न के साथ प्रथम, 88.83 के साथ गीतांजली ढीमर द्वितीय, आयान खान 84.17त्न के साथ तृतीय रहा इसके साथ बोर्ड परीक्षा परिणाम मे कक्षा मे पढने वाले सभी विधार्थी प्रथम श्रेणि के साथ उत्तीर्ण हुए इस अवसर पर प्राचार्य के द्वारा सभी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दिये।

## मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव 9 मई को

**कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला साहू संघ एवं माँ भानेश्वरी मंदिर समिति सिंघोला द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सिंघोला में स्थित सिद्धपीठ माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव का वृहद स्तर पर मनाया जाना है जिसकी तैयारियों को अंतिम रुप देने जिला साहू संघ एवं मंदिर समिति जोर शोर से जुटे हुए हैं। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि ग्राम सिंघोला मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव 9 मई को बृहद रूप से मनाया जाएगा। जिसको लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक के माध्यम से सभी को कार्यभार सोपा जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को उपस्थिति की अपील की है। साथ ही साथ भानेश्वरी जयंती हेतू संचालन समिति का गठन किया गया जिसमे संयोजक डॉ. नीरेंद्र साहू, अन्य सदस्य भागवत साहू, नीलमणी साहू, नोबल साहू, शैलेन्द्र साहू, नीरा साहू एवं श्रीमती अंजू साहू, कुलेश्वर साहू, हेमंत साहू, हसंराज साहू, लक्ष्मण साहू, मंथीर साहू, भुनेश्वर साहू, मिलाप साहू, मदन साहू, माधव साहू, चन्दन साहू, ज्ञानचंद साहू, तुलदास साहू, जगमोहन आदि शामिल हुए। उक्त जानकारी जिला महामंत्री नीलमणी साहू ने दी है।

## कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी और पोलमी से समाधान शिविर का हुआ शुभारंभ



**कवर्धा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन-प्रशासन अब आमजन की चौखट तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी और पोलमी में समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा स्वयं शिविर स्थल पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया। शिविर का उद्देश्य जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्रामवासियों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को सुशासन तिहार में पूर्व में दिए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया, जिससे उनकी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को बेहतर तरीके से समझा जा सके। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी से समाधान शिविर प्रारंभ किया गया है। चिल्फी क्लस्टर अंतर्गत बोक्करखार, शंभूपीपर, चिल्फी, राजाढार, लूप, शिवानीकला, बहनाखोदरा, मुड़वाही, शीतलपानी एवं झलमला पंचायत के गांव शामिल है। इन गांवों से कुल 1408 आवेदन प्राप्त हुए है। सभी आवेदनों की जांच कर 1397 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान आवेदकों को उनकी समस्याओं के समाधान की जानकारी प्रदान की गई और उनके आवेदन की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। चिल्फी क्लस्टर के दूर-दराज गांवों के नागरिकों ने राज्य सरकार की इस पहल को खुले दिल से स्वीकार किया और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार को धन्यवाद दिया। ग्रामवासियों ने यह भी साझा किया कि पहले उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लंबा समय इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब सुशासन तिहार से उन्हें तत्काल मदद मिल रही है। ग्रामीणों ने इस कदम को एक बड़ी राहत और उनके जीवन में सुधार लाने वाला बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं श्री अजय त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपतिस्थत थे। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने समाधान शिविर में ग्रामीणों से आवेदन की स्थिति, समाधान की प्रक्रिया और योजनाओं के लाभ संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी सुनिश्चित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान हो, ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण में दिए गए आवेदन की जानकारी अधिकारियों द्वारा आवेदक को दिया गया। इन आवेदनों में शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन, मजदूरी भुगतान, वनाधिकार, श्रम कार्ड, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना जैसी कई योजनाओं से जुड़ी आवेदन था। इसके साथ ही शिविर में ही ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को आवेदन दिया।

## धर्म समाचार....

# दिमाग में तेज और बेहद लकी होते हैं ये 5 राशिवाले लोग, दोस्तों पर छिड़कते हैं जान!



इन 5 राशियों के लोग उम्र के साथ और भी खूबसूरत और आत्मविश्वासी होते जाते हैं. ये लोग न केवल आकर्षक होते हैं बल्कि समझदार और संवेदनशील भी होते हैं. ये लोग परिवार के लिए भी बेहद भाग...और पढ़ें वैसे तो उम्र बढ़ता एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो जैसे-जैसे बड़े होते हैं, वैसे-वैसे और भी खूबसूरत दिखने लगते हैं. भोपाल स्थित ज्योतिषाचार्य रवि पाराशर के अनुसार कुछ राशियां ऐसी होती हैं, जो उम्र के साथ निखरती जाती हैं, केवल खूबसूरती में नहीं बल्कि माइंड में भी शार्प हो जाती हैं. ये लोग न केवल समझदार होते हैं, बल्कि इनके अंदर जबरदस्त कॉन्फिडेंस भी देखने को मिलता है. तो आइए जानते हैं कौन-सी हैं वो 5 राशियां, जिनकी सुंदरता और कॉन्फिडेंस समय के साथ और भी बढ़ती जाती है.

**वृषभ**- वृषभ राशि के लोग ज़मीन से जुड़े और सादगी पसंद होते हैं. उम्र के साथ वे और भी सुंदर और आकर्षक दिखने लगते हैं. उन्हें खुद की देखभाल करना पसंद होता है. वे जैसे-जैसे बड़े होते हैं, खुद से प्यार करना सीखते हैं और अपने लुक्स का अच्छे से ख्याल रखते हैं. जिस कारण इनका आत्मविश्वास और भी बढ़ता है और वे और भी प्यारे लगने लगते हैं. ये लोग जिस भी परिवार में जन्म लेते हैं वहां किसी न किसी माध्यम से धन आता रहता है और धन की कभी कमी नहीं रहती है. ये लोग परिवार के लिए बेहद भाग्यशाली होते हैं.

**तुला**- तुला राशि के लोग संतुलन और सौंदर्य के प्रेमी होते हैं. इनमें शुरू से ही स्टाइल और आकर्षण होता है, लेकिन उम्र के साथ उनका स्टाइल और समझ और भी बेहतर हो जाती है. तुला राशि के लोग बहुत ही आकर्षक और मिलनसार होते हैं. उम्र के साथ उनकी बात करने की कला, समझदारी और भावनात्मक संतुलन उन्हें और भी प्यारा बना देता है. जिस कारण इनके दोस्त अक्सर इनसे सुझाव और मदद मांगने आते हैं.

**सिंह**- सिंह राशि के लोग स्वभाव से ही आत्मविश्वासी और जोशीले होते हैं. उनकी चमकदार मुस्कान और ऊर्जा भरी मौजूदगी उम्र के साथ और भी ज्यादा आकर्षक हो जाती है. वे जानते हैं कि अपने गुणों को कैसे सामने लाना है. जैसे-जैसे वे परिपक्व होते हैं, उनका आत्मविश्वास और भी गहरा हो जाता है. ये लोग दोस्त और परिवार के लिए कभी भी किसी काम को करने से पीछे नहीं हटते, सामने चाहे कितनी भी परेशानी क्यों न हो.

**मकर**- मकर राशि के लोग बहुत ही मेहनती और अनुशासित होते हैं. उम्र के साथ ये लोग और भी आकर्षक दिखने लगते हैं. यहां केवल खूबसूरती की बात नहीं हो रही, बल्कि उनके आत्मविश्वास और शांति से भरे व्यवहार में एक खास आकर्षण आ जाता है. जैसे-जैसे मकर राशि के लोग बड़े होते हैं. वे अपने जीवन के अनुभवों को खूबसूरती से अपनाते हैं. उम्र बढ़ने के साथ इस राशि के लोगों में गजब का कॉन्फिडेंस आ जाता है, जो उनके चेहरे और हावभाव में साफ दिखाई देता है. ये लोग जिन्हें अपना दोस्त मानते हैं, उनके लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं.

**मीन**- मीन राशि के लोग संवेदनशील और कलात्मक होते हैं. उनका मासूम और शांत स्वभाव उन्हें उम्र के साथ और भी खूबसूरत बना देता है. कई बार ऐसा लगता है जैसे उनकी उम्र थम सी गई हो, उनका चेहरा जवां बना रहता है. उनकी समझदारी और दूसरों के प्रति सहानुभूति उन्हें और भी सुंदर बना देती है. मीन राशि वाले लोग दोस्त की मदद करने से कभी पीछे नहीं हटते.

## मीन राशि के जातकों को कब मिलेगी साढ़ेसाती से मुक्ति? इन उपायों से करें शनिदेव को प्रसन्न




मीन राशि के जातकों पर शुक्र देव की विशेष कृपा बरसती है। इस राशि में शुक्र देव उच्च के होते हैं। इसके लिए मीन राशि के जातकों को जीवन में सभी प्रकार के भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही देवगुरु बृहस्पति की कृपा से मीन राशि के जातक धार्मिक स्वभाव के होते हैं। ज्योतिष शास्त्र में शनिदेव को न्याय का देवता कहा जाता है। शनिदेव अच्छे कर्म करने वाले को शुभ फल देते हैं। वहीं, बुरे कर्म करने वाले को दंड देते हैं। वर्तमान समय में शनिदेव मीन राशि में विराजमान हैं। इसके लिए मीन राशि के जातकों पर साढ़ेसाती का दूसरा चरण चल रहा है। वहीं, मेष राशि के जातकों को साढ़ेसाती का पहला चरण चल रहा है। जबकि, मकर राशि के जातकों पर साढ़ेसाती का अंतिम चरण चल रहा है। लेकिन क्या आपको पता है कि मीन राशि के जातकों को कब शनि की साढ़ेसाती से मुक्ति मिलेगी? आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-मीन राशि के स्वामी बृहस्पति देव हैं और आराध्य जगत के पालनहार भगवान विष्णु हैं। इस राशि का शुभ रंग पीला है और शुभ अंक 09 और 12 है। मीन राशि के जातकों पर भगवान विष्णु और सुखों के कारक शुक्र देव की विशेष कृपा रहती है। भगवान कृष्ण की पूजा करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। शनिदेव की कृपा से मीन राशि के जातकों को करियर और कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलती है। इस राशि के जातकों के लिए पुखराज बेहद शुभ होता है। अत: मीन राशि के जातक ज्योतिष से सलाह लेकर पुखराज धारण कर सकते हैं। न्याय के देवता शनिदेव 03 जून, 2027 को शनिदेव अपनी चाल बदलेंगे। इस दिन न्याय के देवता शनिदेव मीन राशि से निकलकर मेष राशि में गोचर करेंगे। इस दिन से मीन राशि के जातकों पर साढ़ेसाती का अंतिम चरण शुरू होगा।

nandgaon times may-06-3.qxd 5/6/2025 12:00 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...







स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जनमानस की उम्मीद एवं आकांक्षाओं के अनुरूप हो रहा समस्याओं का समाधान

## सुशासन तिहार अंतर्गत स्टेट हाई स्कूल में समाधान शिविर का हुआ आयोजन, जिले के प्रभारी सचिव एवं कलेक्टर शिविर में हुए शामिल







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत आज स्टेट हाई स्कूल में आयोजित समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के प्रभारी सचिव एवं सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास विभाग, आयुक्त भू-अभिलेख श्री अविनाश चम्पावत शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चम्पावत ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य के हित में कार्य किए जा रहे हैं। शिविर के माध्यम से जनमानस की उम्मीद एवं आकांक्षाओं के अनुरूप समस्याओं के समाधान जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न तरह की समस्याएं है। जिसके अनुरूप निराकरण किया जा रहा है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित यह समाधान शिविर नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पांच वार्ड 14, 24, 25, 26, 27 के लिए संयुक्त तौर पर लगाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए है। सर्वे के उपरांत परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराएं जाएंगे। वहीं नये आवास के लिए शासन को पत्र प्रेषित किया गया है। सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन के लिए गंभीर है। भारत सरकार से ग्रामीण क्षेत्र के लिए अधिक से अधिक आवास मिल सकें, इसके लिए प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी शिविर के माध्यम से जनसामान्य ले सकते हैं और अपनी विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एक अच्छी योजना है। राजनांदगांव शहर में लगभग 40 हजार से अधिक घर है। पहले से ही हॉफबिजली बिल योजना का लाभ जनसामान्य को मिल रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से बिजली का बिल शून्य हो जाता है। वही 30 हजार से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी मिलती है। उन्होंने विद्युत विभाग से कहा कि ऐसे हितग्राहियों को शिविर में ले जाए, जिनका बिजली बिल शून्य आया है, ताकि सभी इस योजना से लाभान्वित हो सकें।जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चम्पावत, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं जनप्रनिधियों ने शिविर का अवलोकन किया। शिविर में राजस्व, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, लोक सेवा केन्द्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विद्युत विभाग, आबकारी विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वास्थ्य, नल कनेक्शन, खाद्य विभाग, नजूल, आयुर्वेद, परिवहन, लीड बैंक, पशुधन सहित विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड सहित अन्य योजनाओं ने लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, संबंधित वार्ड के पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जनहितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर प्रतिबद्ध है। शासन-प्रशासन द्वारा सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य किया जा रहा है।

**जिले के प्रभारी सचिव, कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने किया शिविर का अवलोकन**

**प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से अधिक से अधिक लाभान्वित हो नागरिक**

# कलेक्टर ने हितग्राहियों को प्रदान किया श्रमिक कार्ड

## श्रमिक कार्ड मिलने पर हितग्राही श्रीमती किरण ने जाहिर की खुशी

**समाधान शिविर में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों का तत्काल पंजीयन कर प्रदान किया गया श्रमिक कार्ड**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वार्ड क्रमांक 14, 24, 25, 26, 27 के नागरिकों के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर नागरिकों के लिए लाभकारी साबित हुआ। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने समाधान शिविर में श्रीमती किरण रामटेके को श्रमिक कार्ड प्रदान किया। श्रमिक कार्ड मिलने पर हितग्राही श्रीमती किरण रामटेके ने खुशी जाहिर की। उल्लेखनीय है कि समाधान शिविर में श्रम विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के अंतर्गत पंजीयन करते हुए श्रमिकों का श्रमिक कार्ड तत्काल प्रदान किया गया। स्टेट स्कूल राजनांदगांव में आयोजित समाधान शिविर में श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा श्रमिक हितग्राहियों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में श्रमिकों के समस्याओं का समाधान किया गया और श्रम विभाग के विभागीय योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभान्वित किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। राज्य शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर कटिबद्ध है। शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य किया जा रहा है।


# दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी कल्याण संघ ने लगई मुख्यमंत्री से गुहार

## उपमुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष से भी की मुलाकात मांग पूरी करने का भरोसा दिया डॉ. रमन ने



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अनुकंपा नियुक्ति के मांग को लेकर दिवंगत पंचायत शिक्षक कर्मी कल्याण संघ मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सोपा था। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह संगठन को उनकी मांग पूरी करने का भरोसा दिया है।दिवंगत पंचायत शिक्षा कर्मी कल्याण संघ अपने लंबित अनुकंपा नियुक्ति की मांगों को लेकर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात किया जिस पर डॉ. रमन सिंह विषय की गंभीरता को समझते हुए तत्काल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर तत्काल अनुकंपा नियुक्ति जैसे संवेदनशील विषय का निराकरण करने हेतु इच्छा जाहिर किया। अनुकंपा संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य गण भी मिलकर अपनी व्यथा को बताया और अपात्र हितग्राही जितने भी टेट उत्तीर्ण नहीं है उन्हें तत्काल अनुकंपा नियुक्ति दिलाने हेतु आग्रह किया एवं पूर्ववर्ती सरकार में 307 दिनों के हड़ताल में आकर समर्थन किया था एवं भाजपा के दिग्गज नेताओं ने भी आकर हड़ताल में अपना पूर्ण सहयोग मांग हेतु किया था। इन समस्त बातों को याद दिलाकर पूर्व मुख्यमंत्री से निवेदन किया। जिस पर डॉ. रमन सिंह तत्काल पत्र लिखकर सभी शेष बचे हितग्राहियों को प्रयोगशाला शिक्षक सहायक ग्रेड 3 एवं सहायक ग्रेड 4 के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और विधानसभा अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया और कहा कि आप सभी के मांगों पर बहुत जल्द हमारी सरकार निर्णय लेगी। इसी प्रकार अनुकंपा संघ मंत्री टंक राम वर्मा, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भी मुलाकात कर अपनी मांगों को रखा। जिस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा विषय की गंभीरताओं को समझते हुए आपका विषय संवेदनशील विषय है और हमने पूर्व में वादा भी किया है तो हमारी सरकार पर आप लोग भरोसा कीजिए बहुत जल्द आप सभी के प्रति सरकार निर्णय लेगी बोलकर भरोसा दिलाया गया। मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक से भी सौजन्य मुलाकात कर अनुकंपा संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य अपनी समस्याओं को बताया जिस पर श्री कौशिक भी शीघ्र निराकरण करवाने की बात कही। इस दौरान अनुकंपा संघ की प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद चौबे प्रदेश मीडिया प्रभारी अमर कुमार गुप्ता, गीता साहू, दीपक पटेल, एवं प्रदेश के अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

# पद्मश्री डॉ बाफना दुबई आमंत्रित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के चिकित्सा विशेषज्ञों में एक मात्र पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना को दुबई में आयोजित हो रहे इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन पीडियाट्रिक्स एंड चाइल्ड हेल्थ में प्रारंभिक सत्र में एक विशेष वक्ता की हैसियत से आमंत्रित किया गया है। वे रोल ऑफस्पिरिचुअलिटी इन एडोलसेंट वेल बिइंग विषय पर व्याख्यान देंगे। डॉ बाफना भारत से एक मात्र प्रस्तोता होंगे। दिनांक 15,16 मई को आयोजित इस सम्मेलन में पूरे विश्व से बाल स्वास्थ्य से संबंधित विविध विषयों पर अनेक विशेषज्ञ व्याख्यान, शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस 23वे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की कांफ्रेंस मैनेजर डॉ फ्रेया विल्सन ने डॉ बाफना को आमंत्रित करते हुए लिखा है कि भारत जैसे महान देश के प्रतिनिधि से ऐसे विशेष विषय पर व्याख्यान इस सम्मेलन के लिए महत्वपूर्ण है।

# आत्मानंद स्कूल में 8 को लाटरी पद्धति से सूची जारी होगी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, डोंगरगांव में प्रवेश प्रकिया होनी है, जिसके लिए 10 अप्रैल से 5 मई तक ऑनलाइन एवं ऑफ्लाइन आवेदन लिया गया, तत्पश्चात लॉटरी प्रक्रिया 08 मई को सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा, पात्र/अपात्र सूची विद्यालय सूचना पटल पर चस्पा की गई हैं। अत: जिन पालकों को दावा आपत्ति करना है, वह 6 और 7 मई दो दिन के भीतर कार्यालयीन समय 10 से 04 बजे के मध्य विद्यालय में दावा आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

# रिश्वत कांड में थाना प्रभारी, प्रधान आरक्षक निलंबित

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** मोहला मानपुर अंबागढ़चौकी जिले के चिल्हाटी थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया को महाराष्ट्र के एक फौजी परिवार के साथ कथित ज्यादती करने के साथ-साथ रिश्वत लेने के मामले में आईजी अभिषेक शांडिल्य के निर्देश पर एसपी वाईपी सिंह ने निलंबित कर दिया है। वही पिडितो पर मामला दबाने को लेकर दबाव बनानें वाले प्रधान आरक्षक राजेश्वर बोगा को भी निलंबित कर दिया गया है। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के चिल्हाटी थाना प्रभारी पर आरोप है कि महाराष्ट्र का रहने वाले फौजी परिवार को कथित मवेशी तस्करी की आशंका पर रातभर थाने में बिठा कर सुबह गरीब किसान बैल मालिक, पीकप वाहन मालिक एवं कारगिल युद्ध लड़े फौजी के बड़े भाई से एक लाख से ऊपर कि रिश्वत ली गई। महाराष्ट्र गढ़चिरौली के ग्राम खुनारा के रहने वाले पीड़ित परिवार का फौज से वास्ता रहा है देश के लिए कारगिल युद्ध लड़ा। आईजी ने मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद एसपी को सीधे थाना प्रभारी और मामले मे लिप्त खाकी को शर्मसार करने वाले लोगों पर निलंबन की कार्रवाई करने का आदेश दिया है। बताया गया कि एसडीओपी नेहा पवार



को थाना प्रभारी के खिलाफ लगे आरोपों की जांच का भी जिम्मा सौंपा गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक चिल्हाटी थाना से सटे गढ़चिरौली के रहने वाले फौजी परिवार के लोग भड़सेना पंचायत के आश्रित ग्राम कोलिहाटोला के रहने वाले रामकुमार सलामे से किसानी के लिए एक जोड़ी बैल खरीदा था। 20 अप्रैल को फौजी चतुर सिंधराम का बड़ा भाई मधुर सिंधराम बैल खरीदकर चिल्हाटी क्षेत्र के देवदास साहू के मालवाहक पीकप वाहन सीजी 08एजे 5941में मवेशी लेकर वापस लौट रहे थे। इसी बीच चिल्हाटी थाना के सामने देर शाम आबकारी चेकपोस्ट में मवेशी तस्करी के नाम पर मालवाहक को रोका गया। पिडीतो के द्वारा सत्य जानकारी देने के बावजूद थाना प्रभारी के निर्देश पर सभी को थाना में रात भर भूखें प्यासे रखा गया सुबह इसके एवज में थाना प्रभारी व स्टॉफद्वारा मोटी रकम लेकर छोडा गया। इधर पुलिस चगुल के बीच मधुर सिंधराम की मां की अगले दिन पहेट 21 अप्रैल को मौत हो गई। किसी तरह मिन्नत कर वह थाना से गांव पहुंचा। पुलिस को रिश्वत दी और ले देकर पुलिस के चंगुल से छुटते हुए अपने मां के अंतिम संस्कार में वह शामिल हो पाया इस बीच मामला सार्वजनिक हो गया। मामला सामने आने के बाद आईजी ने एसपी को सीधे निलंबित करने के निर्देश दिए है साथ ही रविशंकर डहरिया के खिलाफविभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है,थाना प्रभारी रवि शंकर डहरिया प्रधान आरक्षक राजेश्वर बोगा को निलंबित करनें का एसपी को निर्देश दिया गया है। अभिषेक शांडिल्य आईजी राजनांदगांव रेंज

**पीड़ितों पर बेहद दबाव**

मामला उजागर होने के बाद थाना प्रभारी रवि शंकर डहरिया समेत चिल्हाटी थाने मे तैनात पुलिस बल रिश्वत कि रकम वापस लौटने महाराष्ट्र के नक्शल वांछित क्षेत्र में भी पहुंच गये इसके अलावा पीड़ितों को कुछ ना बताने मामले में चुप रहने के लिए बेहद पुलिसिया दबाव बनाये जाने की खबर मिल रही है।

# नशे में धुत व्यक्तियों के बीच में चला खूनी संघर्ष : एक व्यक्ति की हुई मौत

**मामला - डोंगरगढ़ के कंडरा पारा.**



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के कंडरापारा में 05 अप्रैल रविवार रात्रि लगभग 09 बजे नशे में धुत दो व्यक्तियों के मामूली विवाद ने इतना तुल पकड़ा कि आरोपी ने मृतक के उपर डंडा से प्राणघातक हमला कर दिया गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई. इस घटना के बाद कंडरा पारा वार्ड में मातम सा छा गया है। देर रात पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए शिकायत के बाद विवेचना शुरू कर दी गई। पुलिस की माने तो पूरा मामला बांस काटने व जंगल जाने को लेकर था। जिसमे संजय उइके पिता नेतराम उइके उम्र 40 वर्ष के साथ सतीश कुरसुंघे के बीच कुछ बहस हो गई। दोनों नशे में धुत थे। संजय के साथियों ने सतीश को समझने की कोशिश की। परंतु सतीश आवेश में आते हुए मुकुंद कंडरा के घर के पास घटना को अंजाम देते हुए संजय उइके के सिर में भारी भरकम डंडे से जोरदार वार किया। जिससे घटनास्थल पर ही संजय गिर गया। सतीश के इस वार के बाद संजय के साथी अचानक हुए हमले से हतप्रत हो गए। घटना को देख आसपास के लोग संजय को बचाने पहुंचे। तब तक सतीश कुरसुंघे घटनास्थल से फरार हो गया ।घटना के बाद संजय के परिवार जनों नें देर ना करते हुए संजय उइके को अस्पताल लेकर आये तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वही इस पूरे मामले में पीड़ित परिवार जनों ने नशे के व्यापार करने वाले सतीश व उनके दोनों भाइयों पर साजिश के तहत वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। गौर करने वाली बात है कि बीती रात हुई यह घटना थाना परिसर से महज 200 मीटर की दूरी पर है। वहीं सप्ताह भर के बीच धर्मनगरी में तीन हत्या की वारदात हो गई है और माना जा रहा है कि धर्मनगरी कहे जाने वाले तीर्थ स्थल में बच्चे और युवा पीढ़ी नशे की आगोश में आकर इस प्रकार की घटना को अंजाम दिए जा रहे जिससे आने वाले समय भी क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं होंगे इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com